18/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

यूपीएससी, आईआईटी-जेईई, सीबीएसई और आईसीएसई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के टॉपर्स ने आज परीक्षा पे चर्चा 2025 के 8वें और अंतिम एपिसोड में अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स ने कहा कि परीक्षा के दौरान छात्र अपने दिमाग में सारी जानकारी नहीं रख सकते हैं, इसलिए उन विशिष्ट विषयों पर ध्यान केंद्रित करना मददगार होता है जो परीक्षा में अक्सर पूछे जाते हैं। उन्होंने छात्रों से पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करने के लिए भी कहा। आकाशवाणी संवाददाता ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में परीक्षा पे चर्चा परीक्षा से संबंधित तनाव को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने के उद्देश्य से एक अवसर के रूप में विकसित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में इस पहल की शुरुआत की गई थी।

00000000000000000000

भारत और कतर ने व्यापार, ऊर्जा, निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच नई दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान, दोनों नेताओं ने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों देशों ने आज नई दिल्ली में दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक द्वारा कल तिराप जिले के खोंसा में सुरक्षा एजेंसियों के साथ तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग जिले के सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोगों और राज्य के विकास और प्रगति के लिए एक सुरक्षित वातावरण क होना महत्वपूर्ण है। सीमा सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के हितों की रक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वालों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सुरक्षा बलों से दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों के साथ संबंधों को मजबूत करने और सद्भावना परियोजनाओं के माध्यम से उनकी आवश्यक्ताओं के लिए समर्थन बढ़ाने, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। बैठक में जिला उपायुक्त सरबजीत सिंह, तिराप के उपायुक्त, तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग के पुलिस अधीक्षक, सीमा सड़क संगठन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और असम राइफल्स के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

गत सोमवार को न्यापिन में डिप्टी कमिश्नर्स का सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 16 से 17 जनवरी तक आयोजित, इस सम्मेलन में छह विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो है- स्वस्थ अरुणाचल, शिक्षित अरुणाचल, समृद्ध अरुणाचल, सुरक्षित अरुणाचल, स्वच्छ अरुणाचल एवं सुंदर अरुणाचल। इसके अलावा वन मंजूरी, भूमि अधिग्रहण, योजनाओं की संतृप्ति और गार्जियन मंत्रियों और मेंटोर सेक्रेट्रीस की भूमिका पर चार विशेष सत्र भी आयोजित किए गए।

इस अवसर पर, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कैबिनेट बैठक के बाद न्यापिन में डिप्टी कमिश्नर्स के सम्मेलन की आउटकम रिपोर्ट भी जारी की। यह रिपोर्ट डिप्टी कमिश्नर्स को थीम एरियास पर समय पर कार्रवाई करने में मदद करेगी। एक विज्ञप्ति के अनुसार समन्वित कार्रवाई और समीक्षा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और राज्य के विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

0000000000000000000000

अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ निरंतर लड़ाई में, एसपी नाहरलागुन मिहिन गाम्बो की देखरेख में एसडीपीओ नाहरलागुन ऋषि लोंगडो के नेतृत्व में बांदरदेवा पुलिस टीम ने कल निया कॉलोनी, बांदरदेवा में एक घर की तलाशी ली और संदिग्ध हेरोइन से भरे तीन पाउच बरामद किए, जिनका वजन 34.72 ग्राम था। आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस बीच, एसपी नाहरलागुन मिहिन गाम्बो ने मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ करने में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए बांदरदेवा पुलिस टीम की सराहना की है।

0000000000000000000000

सशस्त्र सीमा बल, तवांग की 38वीं बटालियन ने आज तवांग के मोगतो और सेरजोंग में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत पशु चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। शिविर का आयोजन 2आईसी एसएसबी, डॉ. सुधीर संगमा और ईएसी, जांग, डॉ. होनजोन परमे की देखरेख में किया गया।

शिविर में कुल 34 पशुपालकों और पालतू जानवरों के मालिकों को आवश्यक पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। पहल के हिस्से के रूप में, पशुपालकों को फ़ूट एंड माउथ डिजीस, लमपी स्किन डिजीस, रेबीज और टिक-जनित प्रोटोजोन डिजीस के बारे में भी शिक्षित किया गया। यह पहल सामुदायिक कल्याण के प्रति एसएसबी की प्रतिबद्धता और स्वास्थ्य सेवा और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय आबादी का समर्थन करने के इसके निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

0000000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, वेस्ट सियांग, सियांग, ईस्ट सियांग, अपर सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने और बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया हैं।

0000000000000000